एनएचपीसी
NHPC
एक नवरत्न कंपनी

Great Place To Work® Certified FEB 2025-FEB 2026 INDIA

## अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से...




**1 दिसम्बर, 2025**

**प्रिय साथियो,**

हम सभी के लिए यह अत्यंत गर्व और हर्ष का क्षण था जब हमने 7 नवंबर 2025 को एनएचपीसी के 50 गौरवशाली वर्षों के पूर्ण होने का उत्सव और अपना 51वाँ स्थापना दिवस मनाया। इस ऐतिहासिक अवसर पर हमें माननीय केंद्रीय विद्युत मंत्री श्री मनोहर लाल की गरिमामयी उपस्थिति का सौभाग्य प्राप्त हुआ। माननीय मंत्री ने राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने में एनएचपीसी की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि पाँच दशकों में जलविद्युत क्षेत्र में एनएचपीसी का उत्कृष्ट योगदान पूरे राष्ट्र के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर श्री पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत), भारत सरकार भी उपस्थित रहे। श्री अग्रवाल ने बल देते हुए कहा कि जलविद्युत विकास में एनएचपीसी अपनी निरंतर उत्कृष्टता और नेतृत्व के माध्यम से अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करती रहेगी और विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर माननीय केंद्रीय विद्युत मंत्री ने भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा जारी एनएचपीसी पर आधारित विशेष "माय स्टैम्प" तथा "अचीवमेंट बुक" का विमोचन किया, जिसमें एनएचपीसी की समृद्ध विरासत और पिछले 50 वर्षों की उपलब्धियों को दर्शाया गया है। इससे पूर्व, 6 नवंबर 2025 को, माननीय मंत्री ने एनएचपीसी के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ₹ 50 के स्मारक सिक्के का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने एक विशेष प्रकाशन-एक कॉमिक पुस्तक "छोटा भीम और बड़ा बाँध" का भी अनावरण किया, जिसमें 'छोटा भीम' और उसके सहयोगी पात्र शामिल हैं। इस कार्यक्रम में श्री पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत), भारत सरकार भी उपस्थित रहे।

हमारे निर्माणाधीन परियोजनाओं में कार्य माह के दौरान संतोषजनक गति से प्रगति कर रहा है। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, सुबनसिरी लोअर परियोजना की यूनिट-2 (250 मेगावाट) का वेट कमीशनिंग 6 नवम्बर 2025 को यूनिट के सफल यांत्रिक परीक्षण के साथ प्रारम्भ हो गया। परियोजना के सफल कमीशनिंग हेतु प्रदर्शित उत्कृष्ट समर्पण, प्रयास तथा परिश्रम के लिए मैं समस्त सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना टीम को हार्दिक बधाई प्रेषित करता हूँ।

2 से 4 नवम्बर 2025 के दौरान, निदेशक (परियोजनाएँ) और निदेशक (तकनीकी) के साथ मैंने तीस्ता-V पावर स्टेशन, तीस्ता-VI तथा रंगीत-IV परियोजनाओं का दौरा किया तथा कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। तीस्ता-V पावर स्टेशन का पुनर्स्थापन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और मैं सम्पूर्ण तीस्ता-V टीम से आग्रह करता हूँ कि कार्य प्रगति को और गति प्रदान करें तथा निर्धारित समयसीमा का दृढ़ता से अनुपालन सुनिश्चित करें।

**इस माह की अन्य प्रमुख उपलब्धियां :**

- नवम्बर 2025 माह में एनएचपीसी का राजस्व 758.26 करोड़ रूपए रहा है।
- नवम्बर 2025 माह में कुल विद्युत उत्पादन 1036 मिलियन यूनिट और नवम्बर 2025 तक संचयी विद्युत उत्पादन 19773 मिलियन यूनिट रहा है।
- क्वार जलविद्युत परियोजना ने 23 नवम्बर 2025 को 776 मीटर लंबी एडिट-कम-सर्ज गैलरी (TRT-2) के सफल ब्रेकथ्रू के साथ एक महत्वपूर्ण मीलस्तम्भ प्राप्त किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए मैं क्वार, सीवीपीपीएल एवं मेसेर्स पीईएल की टीमों को हार्दिक बधाई देता हूँ।
- 24 नवम्बर 2025 को निगम मुख्यालय , फरीदाबाद में एपेक्स यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक प्रबंधन और यूनियनों के बीच खुली संवाद प्रक्रिया हेतु एक प्रभावी मंच सिद्ध हुई, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों से संबंधित विषयों का सकारात्मक समाधान तथा संगठन में सहयोग एवं समन्वय को और अधिक सुदृढ़ करना था।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), फरीदाबाद की वर्ष 2025-26 की द्वितीय छमाही बैठक दिनांक 24 नवंबर 2025 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय में आयोजित किया गया।
- भारत के संविधान को अंगीकृत किए जाने के उपलक्ष्य में एनएचपीसी के सभी कार्यस्थलों पर 26 नवम्बर 2025 को "संविधान दिवस" मनाया गया ।
- एनएचपीसी ने 14 से 27 नवम्बर 2025 तक आयोजित इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (IITF) में मंत्रालय के पावर पवेलियन में अपनी प्रमुख परियोजनाओं, सततता पहलों एवं ऊर्जा क्षेत्र में अपने योगदान को प्रदर्शित किया। पावर पवेलियन का उद्घाटन माननीय राज्य मंत्री (विद्युत), श्री श्रीपद नाइक ने 14 नवम्बर 2025 को किया।
- एनएचपीसी को "विविधता को बढ़ावा देने के लिए नवाचारपूर्ण दृष्टिकोण" पर अपनी नवीन मानव संसाधन पद्धतियों के लिए 41वें एनआईपीएम राष्ट्रीय सम्मेलन, नई दिल्ली में एनआईपीएम मानव संसाधन एक्सीलेंस सिल्वर अवॉर्ड 2025 मिला। श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) ने सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की और "राष्ट्र निर्माण में HR की भूमिका" पर पैनलिस्ट के रूप में अपने विचार साझा किए, जिसमें HR पेशेवरों, उद्योग के नेताओं और छात्रों ने भाग लिया।
- SHRM इंडिया वार्षिक सम्मेलन 2025 में एनएचपीसी को PSE श्रेणी में " *Excellence in Inclusion & Diversity*" तथा "*"Excellence in Managing Distributed Workforce* " के लिए पहले रनर-अप का पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- एनएचपीसी महिला क्लब की अध्यक्षा श्रीमती शिखा गुप्ता के नेतृत्व में 13 नवम्बर 2025 को एसओएस(SOS) विलेज, फरीदाबाद में एक सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के तत्वावधान में, एनएचपीसी ने नवम्बर 2025 में जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में ऊर्जा संरक्षण पर राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया।

- श्रीमती पायल टेकचंदानी, वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) जो एनएचडीसी ओंकारेश्वर पावर स्टेशन पर पदस्थ हैं, को 13 नवम्बर 2025 को मुंबई में आयोजित तृतीय InWENA अवार्ड्स 2025 में " Women Persona - InWENA of the Decade – वित्त क्षेत्र (PSE)" पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अद्वितीय उपलब्धि पर मैं उन्हें हार्दिक बधाई देता हूँ।

- एनएचपीसी स्पोर्ट्स स्कॉलर श्री सोवमिल कोवाडकर ने 25वीं राष्ट्रीय पैरा स्विमिंग चैम्पियनशिप 2025-26 में हैदराबाद में 3 स्वर्ण पदक जीते।

मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि आप उसी उत्साह और मेहनत के साथ अपना योगदान जारी रखें, जैसा आपने हमेशा दिखाया है। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे सामूहिक प्रयासों से हम अपने लक्ष्यों को न केवल पूरा करेंगे, बल्कि उन्हें पार भी करेंगे।

मैं आपको और आपके परिवार को क्रिसमस के इस हर्षोल्लासपूर्ण अवसर पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

आपका,

भूपेन्द्र गुप्ता

**(भूपेन्द्र गुप्ता)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**

A Navratna Company

Great Place To Work® Certified FEB 2025-FEB 2026 INDIA

## From CMD's Desk…



**1st December, 2025**

**Dear Colleagues,**

It was a moment of immense pride and joy for all of us as we celebrated the completion of 50 glorious years of NHPC and observed our 51st Raising Day on 7th November 2025. On this historic occasion, we were honored by the presence of Hon'ble Union Minister of Power, Shri Manohar Lal. The Hon'ble Minister appreciated NHPC's significant role in strengthening the nation's energy security. He lauded NHPC's exemplary contribution in hydropower over five decades and that the remarkable progress is a matter of great pride for the entire nation. The occasion was also graced by Shri Pankaj Agarwal, Secretary (Power), Government of India. Shri Agarwal emphasized that NHPC through its continued excellence and leadership in hydropower development, will remain instrumental in fulfilling its responsibilities and play a pivotal role in realizing the vision of a developed India. On this occasion Hon'ble Union Minister of Power released the Customized "My Stamp" on NHPC issued by India Post, Government of India as well as the "Achievement Book" portraying our rich legacy and milestones achieved during the last 50 years. A day before, on 6th November 2025, Hon'ble Minister released a ₹ 50 Commemorative Coin marking 50 years of NHPC along with a special publication- a comic book titled "Chhota Bheem aur Bada Bandh", featuring 'Chhota Bheem' and his supporting characters, in the esteemed presence of Shri Pankaj Agarwal, Secretary (Power), Ministry of Power, Government of India.

Work at our under-construction projects is progressing well during the month. In a significant development, Wet Commissioning of Unit-2 (250 MW) of Subansiri Lower Project was commenced on 6th November 2025 with successful Mechanical run of the Unit. I convey my sincere congratulations to the entire Subansiri Lower HE Project team for their exemplary commitment, effort and hard work to commission the Project.

From 2nd to 4th November 2025, I along with Director (Projects) and Director (Technical) visited Teesta - V Power Station, Teesta VI and Rangit- IV Projects and reviewed the progress. Restoration of Teesta- V Power Station is our top priority and I urge entire Teesta- V team to accelerate work progress and adhere to committed timeline.

## Other major highlights of the month are:

- In November 2025, NHPC’s revenue stood at Rs 758.26 crore.

- The total generation for the month of November 2025 was 1036 MU and cumulative generation up to November 2025 was 19773 MUs.

- Kwar H.E. Project has achieved major milestone with successful breakthrough of 776 m long Adit cum Surge Gallery for TRT-2 on 23rd November 2025. I congratulate Kwar, CVPPL & M/s PEL teams for this achievement.

- A meeting with representatives of Apex Unions was held on 24th November 2025 at the Corporate Office, Faridabad. The meeting provided a platform for open dialogue between the Management and the Unions aimed at addressing employee concerns and strengthening collaboration across the organization.

- The second half-year meeting of the Nagar Rajbhasha Implementation Committee (NARAKAS), Faridabad for the year 2025-26 was held on 24th November 2025 at the NHPC Corporate Office, under the chairmanship of the Chairman & Managing Director.

- NHPC observed ‘Constitution Day” across all its location on 26th November 2025 to commemorate the adoption of the Constitution of India.

- NHPC showcased its major projects, sustainability initiatives and contributions to the energy sector at the Ministry of Power Pavilion at the India International Trade Fair (IITF) held from 14th to 27th November 2025. The Power Pavilion was inaugurated by Hon'ble Minister of State for Power, Shri Shripad Naik on 14.11.2025.

- NHPC received the NIPM HR Excellence Silver Award 2025 for its innovative HR practices on *“Innovative Approaches to Promote Diversity”* at the 41st NIPM National Conference in New Delhi. Shri Uttam Lal, Director (Personnel) co-chaired the conference and shared his insights as a panelist on *“Role of HR in Nation Building”* with HR professionals, industry leaders and students.

- At SHRM India Annual Conference 2025, NHPC received 1st Runner-Up Award for *“Excellence in Inclusion & Diversity”* and *“Excellence in Managing Distributed Workforce”* in the PSE category.

- Under the leadership of Smt. Shikha Gupta, President, NHPC Mahila Club, a community engagement programme was organized at SOS Village, Faridabad on 13th November 2025.

- Under the aegis of the Bureau of Energy Efficiency, Ministry of Power, Govt. of India, NHPC organized State-Level Painting Competition on Energy Conservation in Jammu & Kashmir, Ladakh, Sikkim and Arunachal Pradesh in November 2025.

- Smt Payal Tekchandani, Senior Manager (Finance) posted at NHDC Omkareshwar Power Station was honored with the "Women Persona – InWENA of the Decade – Finance Sector (PSE)" award at the 3rd InWENA Awards 2025 held on 13th November 2025 in Mumbai. I congratulate her on this remarkable achievement.

- NHPC Sports Scholar Shri Sowmil Kowadkar won 3 Gold medals in the 25th National Para Swimming Championship 2025-26 held in Hyderabad.

I encourage all of you to continue contributing with the same enthusiasm and diligence that you have consistently shown. I am confident that with our collective effort, we will not only meet our goals but surpass them.

I extend my warm wishes to you and your family on the joyous occasion of Christmas.

Sincerely Yours,

**(Bhupender Gupta)**
**Chairman & Managing Director**